बिहार पुलिस मुख्यालय
(विशेष कार्य बल)
दिनांक–04.10.2024

अवैध हथियार तस्कर मुन्ना राय एवं उसके तीन सहयोगी अपराधकर्मी अवैध आग्नेयास्त्र एवं फर्जी लाईसेंस के साथ गिरफ्तार

- आज दिनांक 04.10.2024 को बिहार एस0टी0एफ0 की विशेष टीम एवं मुजफ्फरपुर जिला पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में भोजपुर जिला का अपराधी 1. मुन्ना राय, पे0 त्रिलोकीनाथ राय सा0 टीकापुर बहोरनपुर थाना बहोरनपुर जिला भोजपुर एवं उसके अन्य सहयोगी अपराधकर्मी 2. पिंटू शर्मा उर्फ़ मुकेश पे0 मोहन शर्मा सा0 कैथी थाना आतीं जिला0 गया 3. धनंजय चौबे पे0 रामचन्द्र चौबे सा0 मंगराव थाना कच्छवां जिला रोहतास एवं 4. आलोक कुमार मिश्रा पे0 बैद्यनाथ मिश्रा सा0 ओ थाना रघुनाथपुर भोजपुर को पटना एवं मुजफ्फरपुर के विभिन्न थाना क्षेत्रों से छापामारी कर अवैध आग्नेयास्त्र एवं फर्जी लाईसेंस के साथ गिरफ्तार किया गया।
- बरामदगी :–

1. 0.32 बोर का रेगुलर पिस्टल–03
2. 12 बोर डी बी बी एल बंदूक–01
3. जिंदा कारतूस–52
4. मैगज़ीन–06
5. फर्जी आर्म्स लाइसेंस–04
6. फर्जी बी0एस0एफ0 पहचान पत्र–01
7. मोबाइल–04

- उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अपराधकर्मी मुन्ना राय फर्जी लाईसेंस एवं अवैध हथियार मुहैया कराता था।
- इस संदर्भ में उक्त गिरफ्तार अपराधकर्मियों के विरूद्ध पटना जिला के एस0के0 पुरी थाना एवं मुजफ्फरपुर जिला के सदर एवं ब्रह्मपुरा थाना में कांड दर्ज की गई है एवं पूछताछ जारी है।



STF